**विद्युत प्रशिक्षण संस्थान**
उ0प्र0 पॉवर कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
सरोजनी नगर, लखनऊ–226008
दूरभाष : 0522–2476254, 2476347
ई–मेल : etiuppcl@gmail.com

**ELECTRICITY TRAINING INSTITUTE**
**U.P. POWER CORPORATION LIMITED**
**(U.P. Government Undertaking)**
**Sarojini Nagar, Lucknow-226008**
**Phone No: 0522-2476254, 2476347**
**E-mail : etiuppcl@gmail.com**

पत्रांक :1555 / वि0प्र0सं0(ल0) / दिनांक : 30.12.2019

**प्रबन्ध निदेशक,**
**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**डी0एल0डब्ल्यू0, भिखारीपुर**
**वाराणसी**

**प्रबन्ध निदेशक,**
**दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**बाई–पास रोड, सिकन्द्रा,**
**आगरा**

**विषय : नव नियुक्त कार्यकारी सहायक (कार्यालय सहायक–तृ0) हेतु दिनांक 20.01.2020 से 18.02.2020 तक आयोजित आधारभूत प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उ0प्र0पा0का0लि0 के कार्यालय ज्ञाप सं0 229 / अनु–05 / कार्य0सहा0–3 / सीधी भर्ती–2019 दिनांक 05.03.2019 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिसके माध्यम से **नव नियुक्त कार्यकारी सहायकों (कार्यालय सहायक–त0) को विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में 01 माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान कराए जाने की अनिवार्यता निर्धारित की गयी है।**

उपरोक्त के अनुपालन में **नव नियुक्त कार्यकारी सहायकों हेतु आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20 जनवरी, 2020 से 18 फरवरी, 2020** तक विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है ताकि कर्मचारियों के ज्ञान, कौशल, अभिवृत्ति एवं उपभोक्ता सेवा / व्यवहार के साथ ही उनके तकनीकी ज्ञान में बृद्धि हो सके ताकि इनके द्वारा निगम के कार्यों को बेहतर तरीके व पूर्ण दक्षता से सम्पन्न किया जाना सम्भव हो सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अनिवार्य आधारभूत प्रशिक्षण हेतु अपने अधीन तैनात नव चयनित कार्यकारी सहायकों में से **न्यूनतम 50–50 कार्यकारी सहायकों को प्रशिक्षण में भेजने हेतु** अपने अधीनस्थों को निर्देशित करने की कृपा करें कि वह अपने अधीन तैनात कार्यकारी सहायकों के नाम, तैनाती स्थल एवं मोबाइल नम्बर **विलम्बतम् दिनांक 15.01.2020 तक विद्युत प्रशिक्षण संस्थान की ई–मेल** etiuppcl@gmail.com पर विवरण उपलब्ध करा दें ताकि प्रशिक्षण हेतु ससमय समुचित व्यवस्थाएं की जा सकें।

उक्त के अतिरिक्त कार्यकारी सहायक कार्मिक **प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की तिथि 20.01.2020 को प्रातः 9.30 बजे** विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ में उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भी सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।

भवदीय,

(अनिल कुमार)
निदेशक

पत्रांक :1555 / वि0प्र0सं0 / (ल0) तद्‌दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर संज्ञानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ
2. मुख्य अभियन्ता (मानव संसाधन), पूर्वांचल / दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी / आगरा
3. मुख्य अभियन्ता (वितरण), वाराणसी / प्रयागराज / आजमगढ़ / मिर्जापुर / बस्ती, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0
4. मुख्य अभियन्ता (वितरण), आगरा–I / आगरा–II / अलीगढ़ / बांदा / झांसी / कानपुर, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता / अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वांचल / दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0
6. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0पा0का0लि0, कमरा नम्बर–07, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0पा0का0लि0 की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

(अनिल कुमार)
निदेशक